Setting up of LNG Terminal

1959. SHRI MD. SALIM:
SHRI DIPANKAR MUKHERJEE:

Will the Minister of PETRO-LEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Petronet LNG Limi- ted are setting up LNG terminals in the country;

(b) if so, whether Haldia in West Bengal is being considered for setting up one of the terminals because of the opportunities and facilities available; and

(c) if not, the reasons therefor, especially the comparative benefits i of locations other than Haldia?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETRO LEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) Petronet LNG is setting up LNG Terminals at Dahej in Gujarat and at Cochin in Kerela, based on demand of existing consumers and projections of NTPC in these areas. A requirement of 5.0 Million Tonnes Per Annum MTPA of LNG at Dahej and 2.5 MTPA of LNG at Cochin has been assessed. Demand to this extent is not asses-sed for the other areas.

"जे0बी0ओ0" तेल टैंकरों की आपूर्ति

1960. **श्री ईश दत्त यादव** :

प्रो. रामगोपाल यादव :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) क्या दिल्ली में "जे0बी0ओ0" के नाम से प्रति माह तेल के टेंकरों की आपूर्ति हो रही है।

(ख) यदि हां, तो प्रति माह कितने तेल टेंकरों की आपूर्ति होती है। तथा क्या यह तेल इंडियन आयल कारपोरेशन सहित सभी प्रमुख तेल कम्पनियों द्वारा खरीदा और बेचा जा रहा है,

(ग) यदि हां, तो किस उपयोग के लिये,

(घ) क्या सरकार ने "ओ0जी0एल0 के तहत इसका आयात करने की अनुमति प्रदान की है, और

(ड) यदि हां, तो गुणवत्ता एंव इसके सही-सही उपयोग की सुनिश्चिता के लिये क्या कदम उठाये गये हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) : (क) से (ग) इंडियन आयल कारपोरेशन तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन ने बताया है कि दिल्ली में जूट बैंचिंग तेल (जे.बी.ओ.) का उनको कोई ग्राहक नहीं है और इसलिए दिल्ली में उनके द्वारा जे. बी.ओ. की कोई आपूर्ति नहीं की गई थी।

(घ) और (ड) जूट बैचिंग तेल (जे.बी.ओ.) एक नियंत्र मुक्त उत्पादन है। जे0वी0ओ0 का आयात ओ. जी.एल. के तहत किया जाता है। देश में आयातित जूट बैचिंग तेल को बी.आई.एस./अंतराष्ट्रीय गुणवत्ता नियंत्रण प्राधिकरण के अनुसार उत्पादन विनिदेशों को पूरा करना होता है तथा सरकार को आयात नीति के अनुसार उनका निरीक्षण/गुथेवत्ता प्रमाणन प्राप्त करना होता है।

पेट्रोलियम उत्पादों की मांग

1961. **श्री बरजिन्दर सिंह** :

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) क्या यह सच है कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग में 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक वार्षिक दर से वृद्धि हो रही है,